www.nagaurdaily.com

RNI Title-Code :- RAJBIL27027

Email. nagaurdaily0@gmail.com

# नागौर डेली न्यूज

नागौर, कुचामनसिटी, डीडवाना, मकराना, परबतसर, जायल मेड़तासिटी, खींवसर, डेगाना व नावां से एक साथ प्रकाशित

अहसास बदलाव का...

वर्ष: 1 | अंक 154 | नागौर, 05 मई, 2022 (गुरूवार) | मूल्य 5 रुपया | पृष्ठ 4 | E-Edition

### जोधपुर हिंसा

## दंगे करवाना बीजेपी-आरएसएस का एजेंडा : सीएम गहलोत

जयपुर/उदयपुर.



मुख्यमंत्री के अनुसार यह बीजेपी और आरएसएस का एजेंडा है, चुनाव के 18 महीने बाकी हैं, इन्होंने अभी से राजस्थान को टारगेट बनाया है। इनके हाईकमान का लोगों को इशारा है। हम इन्हें रोक रहे हैं। इसी वजह से करौली, राजगढ़, जोधपुर में लोगों की मौतें नहीं हुई। बीजेपी नेताओं को ऊपर से इंस्ट्रक्शन है कि कुछ भी करके सरकार को बदनाम करो। मुख्यमंत्री को बदनाम करो। इनके पास मैसेज आते हैं। इसके हिसाब से ये काम कर रहे हैं। जोधपुर में परंपरा रही है कि ईद के मौके पर सभी पार्टियों के नेता एक साथ बैठते हैं।

जोधपुर में ईद की नमाज में बीजेपी नेता जाते तो ये हालात नहीं बनते। बीजेपी नेता हर बार ईदगाह जाते हैं, इस बार क्यों नहीं गए। नेता ईदगाह जाते तो लोगों को समझा सकते थे। इनका यह सोचा समझा षडयंत्र है।

ये दंगे करवाते हैं, अफवाहें फैलाते हैं, हिंसा फैलाते हैं, यह देश और प्रदेश में इनका एजेंडा है। राजगढ़ में बोर्ड है बीजेपी का, 35 पार्षद में से 34 हैं बीजेपी के, प्रस्ताव पास किया सड़क चौड़ी करने का, सड़क चौड़ी की गई और बदनाम कांग्रेस को कर रहे हैं।

#### दंगाइयों को चेतावनी:

गहलोत ने हिंसा फैलाने वालों को चेतावनी भी दी है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास यही है कि भाईचारा, प्यार मोहब्बत बनी रहे। जब प्रवीण तोगड़िया ने कोई जमाने में आतंक मचाया, तब मैंने ही अरेस्ट करवाया था। हम ऐसे सांप्रदायिक तत्वों को पांबद करेंगे और कार्रवाई करेंगे। हिंसा किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। हम धर्म-जाति के नाम पर राजनीति करने वाले तत्वों को पाबंद कर कार्रवाई करेंगे।

### बढ़ेगी महंगाई... आम आदमी को लगा जोरदार झटका

# आरबीआई ने बढ़ाया रेपो रेट

मुंबई।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बुधवार को प्रमुख नीतिगत दर रेपो को 0.40 प्रतिशत बढ़ाकर 4.40 प्रतिशत कर दिया। मुख्य रूप से बढ़ती मुद्रास्फीति को काबू में लाने के लिये केंद्रीय बैंक ने यह कदम उठाया है। खुदरा मुद्रास्फीति पिछले तीन महीने से लक्ष्य की उच्चतम सीमा छह प्रतिशत से ऊपर बनी हुई है।

आरबीआई को खुदरा महंगाई दर दो प्रतिशत घट-बढ़ के साथ चार प्रतिशत पर बरकरार रखने की जिम्मेदारी मिली हुई है। तय कार्यक्रम के बिना हुई मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक में सभी छह सदस्यों ने आम सहमति से नीतिगत दर बढ़ाने का निर्णय किया। दूसरी तरफ उदार रुख को भी कायम रखा गया है। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि महंगाई दर लक्ष्य की ऊपरी सीमा छह प्रतिशत से ऊपर बनी हुई है। अप्रैल महीने में भी इसके ऊंचे रहने की संभावना है। मार्च महीने में खुदरा मुद्रास्फीति 6.9 प्रतिशत रही। रिजर्व बैंक ने अगस्त, 2018 के बाद पहली बार नीतिगत दर में बढ़ोतरी की है।

#### महंगाई बढ़ने से आरबीआई चिंतित

आरबीआई की मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी (एमपीएस) की इमरजेंसी मीटिंग ऐसे समय में हुई है जब रूस-यूक्रेन जंग के कारण कच्चे तेल से लेकर मेटल प्राइस में भारी उतार चढ़ाव देखा जा रहा है। ऐसे में पूरी दुनिया में महंगाई बड़ी समस्या बनी हुई है। पिछले मीटिंग में आरबीआई ने पहली तिमाही में महंगाई दर 6 .3%, दूसरी तिमाही में 5%, तीसरी तिमाही में 5 .4% और चौथी तिमाही में 5 .1% रहने का अनुमान जताया था।

#### आरबीआई की 6% की ऊपरी लिमिट के पार महंगाई

अप्रैल में जारी सरकारी आंकड़ों के मुताबिक कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स (सीपीआई) आधारित रिटेल महंगाई दर मार्च में बढ़कर 6 .95% हो गई थी। खाने-पीने के सामान की महंगाई 5 .85% से बढ़कर 7 .68% हो गई थी। यह लगातार तीसरा महीना था जब महंगाई दर आरबीआई की 6% की ऊपरी लिमिट के पार रही थी। फरवरी 2022 में रिटेल महंगाई दर 6 .07% और जनवरी में 6 .01% दर्ज की गई थी। मार्च 2021 में रिटेल महंगाई दर 5 .52% थी।

#### पिछली मीटिंग के बाद से ही था दरें बढ़ने का अनुमान

बैंक ऑफ बड़ौदा के चीफ इकोनॉमिस्ट मदन सबनवीस ने पिछली मीटिंग के बाद कहा था, क्रेडिट पॉलिसी ने जीडीपी और महंगाई दोनों के अनुमानों में बदलावों से बाजारों को चौंका दिया है। जीडीपी ग्रोथ का अनुमान घटाकर 7 .2% और महंगाई का अनुमान बढ़ाकर 5 .7% करना स्पष्ट संकेत है कि आने वाले दिनों में रेपो रेट में बढ़ोतरी की जाएगी। हमें इस साल कम से कम 50 बीपीएस बढ़ोतरी की उम्मीद है।




#### 0.40% ब्याज बढ़ने से कितना फर्क पड़ेगा

मान लीजिए कि आशीष ने 6% के रेट ऑफ इंटरेस्ट पर 20 साल के लिए 10 लाख रुपए का हाउस लोन लिया है। उसकी लोन की ईएमआई 7164 रुपए है। 20 साल में उसे इस दर से 7,19,435 रुपए का ब्याज देना होगा। यानी, उसे 10 लाख के बदले कुल 17,19,435 रुपए चुकाने होंगे।

आशीष के लोन लेने के एक महीने बाद आरबीआई रेपो रेट में 0.40% का इजाफा कर देता है। अब जब आशीष का एक दोस्त बैंक में लोन लेने के लिए पहुंचता है तो बैंक रेपो रेट बढ़ने की वजह से उसे 6.40% रेट ऑफ इंटरेस्ट ऑफर करती है।

### एंटीलिया केस में एनआईए का खुलासा

## एनकाउंटर स्पेशलिस्ट प्रदीप शर्मा था मनसुख की हत्या का मास्टरमाइंड

### सबूत मिटाने को वझे से लिए 45 लाख रुपए

मुंबई.

उद्योगपति मुकेश अंबानी के घर एंटीलिया के पास से विस्फोटकों से भरी स्कॉर्पियो बरामद होने और स्कॉर्पियो के मालिक मनसुख हिरेन की मौत के मामले में एनआईए ने बड़ा खुलासा किया है। बुधवार को बॉम्बे हाईकोर्ट में दायर एक हलफनामे में एनआईए ने दावा किया है कि इस पूरे खेल का मास्टरमाइंड पूर्व एनकाउंटर स्पेशलिस्ट प्रदीप शर्मा था। शर्मा के कहने पर ही सचिन वझे ने यह साजिश रची और मनसुख को मार कर ठाणे की खाड़ी में फेंक दिया गया। एनआईए की चार्जशीट के मुताबिक, मनसुख, एंटीलिया केस



का सारा राज जानता था। प्रदीप शर्मा उसे इस केस की सबसे कमजोर कड़ी मानता था, इसलिए उसे रास्ते से हटाने की प्लानिंग की गई थी। शर्मा ने इस मामले में अन्य आरोपियों के साथ पुलिस कमिश्नर कार्यालय की इमारत में कई बैठकें की थीं, जहां मनसुख को मारने की साजिश रची गई थी।

# फिर बेलगाम होती कोरोना की रफ्तार

### एक दिन बाद फिर बढ़ गए कोरोना केस

### 3,205 नए मरीज मिले; 31 की मौत

नई दिल्ली.

देश में कोरोना का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। बीते 24 घंटे में देश में कोरोना के 3,205 नए मामले सामने आए हैं, जबकि 31 मरीजों की मौत हो गई।

देश में कल कोरोना मामलों में कुछ कमी देखने मिली थी, सोमवार को देश में 2,568 नए केस मिले थे, लेकिन मंगलवार को फिर कोरोना केस 3 हजार के पार पहुंच गए हैं। देश में एक्टिव केस यानी इलाज करा रहे मरीजों की संख्या 19,509 महामारी की शुरुआत से अब तक देश में कुल 5.23 लाख लोगों ने जान गंवाई है। कोरोना के मामले बढ़ने के साथ एक्टिव केस भी बढ़ गए हैं। फिलहाल देश में 18,317 संक्रमितों का इलाज चल रहा है। सोमवार को देश में कोरोना के एक्टिव केस 13,137 हो गए थे। वहीं, देश में पॉजटिविटी रेट 1.22% हो गया है।

#### कोरोना हॉटस्पाट बना हुआ है दिल्ली

दिल्ली कोरोना का हॉटस्पाट बना हुआ है, यहां बीते कई दिनों से लगातार हजार से ज्यादा केस सामने आ रहे हैं। मंगलवार को दिल्ली में कोरोना के 1,414 नए मामले सामने आए। इससे पहले राजधानी में 1,076 केस मिले थे। बीते दिन दिल्ली में कोरोना से एक मरीज की मौत हो गई।



यहां कोरोना के एक्टिव मामलों की संख्या 5,986 हो गई है। अन्य राज्यों में कोरोना की स्थिति की बात करें तो महाराष्ट्र में 182 केस सामने आए और एक मरीज की मौत हो गई। वहीं, उत्तर प्रदेश में 193 केस, हरियाणा में 505 केस और केरल में 386 मामले सामने आए हैं। वहीं 24 घंटे में हुई 54 मौतों में से 52 सिर्फ केरल में हुई हैं।

#### कोवोवैक्स टीके की कीमत 900 रुपए से घटकर 225 रुपए हुई

सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया ने मंगलवार को कोवोवैक्स टीके की कीमत में भारी कटौती की है। एसआईआई ने हर खुराक की कीमत 900 रुपए से घटाकर 225 रुपए कर दी है। इसमें टैक्स शामिल नहीं है। 12-17 वर्ष की आयु के बच्चों के कोविड-19 टीकाकरण के लिए कोवोवैक्स को कोविन पोर्टल पर सोमवार को ही शामिल किया गया है।

## ट्विटर से कमाई का प्लान : मस्क बोले गवर्नमेंट और कॉमर्शियल यूजर पर लग सकता है चार्ज; सामान्य यूजर्स के लिए फ्री

नई दिल्ली.



एलन मस्क ने जब से ट्विटर खरीदा है, तभी से आशंका थी कि ट्विटर की सर्विस ज्यादा दिन तक फ्री नहीं मिलने वाली है। दुनिया के सबसे बड़े अमीर बिजनेसमैन ने इन आशंकाओं को खुद ही क्लियर कर दिया है। उन्होंने ट्वीट कर कहा है कि इस प्लेटफॉर्म के कॉमर्शियल और सरकारी यूजर को इसके इस्तेमाल के लिए पैसे खर्च करने पड़ेंगे। उन्होंने साधारण यूजर को लेकर भी स्थिति साफ कर दी है। एलन मस्क ने एक ट्वीट किया है, जिसमें उन्होंने लिखा, कैजुअल यूजर्स के लिए ट्विटर हमेशा फ्री रहेगा, लेकिन कॉमर्शियल/सरकारी यूजर्स को शायद थोड़ी कीमत चुकानी पड़ सकती है। वेरिफाइड ट्वीट को इम्बेड या कोट करने पर थर्ड पार्टी वेबसाइट से भी पैसा वसूलने की भी बात उन्होंने कही थी। साथ ही मस्क ने ब्लू टिक प्रीमियम सब्सक्रिप्शन सर्विस में बदलाव करने का सुझाव भी दिया था, इसमें इसकी कीमत तय करने वाली बात भी शामिल थी। अभी ट्विटर प्रीमियम ब्लू सर्विस की कॉस्ट 2.99 डॉलर है।

#### एलन मस्क से नौकरी मांग रहे लोग

एलन मस्क ने जैसे ही 44 मिलियन डॉलर में ट्विटर को खरीदने की डील की, उसके कुछ ही दिन में बाद लोगों ने ट्विटर पर मस्क से नौकरी मांगनी शुरू कर दी। पोलिंग ऐप टीबीएच के को-फाउंडर निकिता बियर ने ट्वीट किया कि मुझे ट्विटर पर प्रोडक्ट के वाइस प्रेसिडेंट के तौर हायर किया जाए। पोस्ट में उन्होंने लिखा कि वे सोशल मीडिया ऐप्स को 11 साल से डेवलप कर रहे हैं।

## राष्ट्रपति कोविंद ने बोडो भाषा के प्रचार-प्रसार और विकास का आह्वान किया

तमुलपुर (असम)।

राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने बुधवार को असम सरकार से बोडो और साहित्य के प्रचार-प्रसार तथा विकास के लिए हरसंभव प्रयास करने का आह्वान किया। उन्होंनेयहां बोडो साहित्य सभा (बीएसएस) के 61वें वार्षिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि इस सम्मेलन ने यह सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है कि बोडो को स्कूल और उच्च शिक्षण संस्थानों, दोनों में शिक्षा के माध्यम के रूप में शामिल किया जाए।

राष्ट्रपति ने कहा कि बोडो को राज्य की आधिकारिक घोषित किया गया है और एक का संरक्षण तथा प्रचार-प्रसार समाज व सरकार दोनों की जिम्मेदारी है। मैं मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा से इस दिशा में हरसंभव प्रयास करने का आह्वान करता हूं।

उन्होंने जोर देकर कहा कि शांति व सद्भाव और केंद्र तथा असम सरकार द्वारा की गई विकास पहलों के चलते 'बोडोलैंड भूभागीय क्षेत्र' (बीटीआर) में और



अधिक शैक्षणिक संस्थानों की स्थापना हुई है। उन्होंने कहा, पूर्वोत्तर क्षेत्र में केंद्र और राज्य सरकारों के संयुक्त प्रयासों से क्षेत्र से सद्भाव और शांति का माहौल मजबूत होता जा रहा है। इस बदलाव में विकास कार्यों की महत्वपूर्ण भूमिका है। मैं क्षेत्र के लोगों और सरकारों की सकारात्मक भूमिका की सराहना करता हूं। कोविंद ने 2004 में बोडो को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने के प्रयासों के लिये पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के योगदान को भी याद किया।

### रूस-यूक्रेन जंग अपडेट्स

## पुतिन यूक्रेन के खिलाफ युद्ध का ऐलान कर सकते हैं, जेलेंस्की का तंज- सेकेंड वर्ल्ड वॉर का सबक भूल गए



कीव/मॉस्को.

रूस-यूक्रेन जंग को दो महीने से ज्यादा वक्त हो चुका है। हालांकि, रूस अब तक इसे एक स्पेशल ऑपरेशन ही बताता रहा है। अमेरिकी अधिकारियों का मानना है कि अब रूस 9 मई को औपचारिक रूप से यूक्रेन के खिलाफ युद्ध का ऐलान कर सकता है।रूस हर साल 9 मई को विक्ट्री डे के रूप में मनाता है। सेकेंड वर्ल्ड वॉर के दौरान 1945 में इसी दिन रूस ने हिटलर की नाजी सेना को हराया था। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन इसी दिन यूक्रेन में एक सैन्य कामयाबी हासिल करने के लिए युद्ध का ऐलान कर सकते हैं।

#### जेलेंस्की का रूसी विदेश मंत्री पर तंज

दूसरी तरफ यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने रूस के विदेश मंत्री पर तंज करते हुए कहा है कि वो सेकेंड वर्ल्ड वॉर के सभी सबक भूल गए हैं। दरअसल, रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने बीते रोज जेलेंस्की की तुलना जर्मन तानाशाह एडोल्फ हिटलर से की थी। लावरोव ने कहा था कि हिटलर और जेलेंस्की दोनों नाजी हैं और उनमें यहूदी खून है। इस बयान पर इजराइल ने भी नाराजगी जताई थी। इजराइली विदेश मंत्री ने इस बयान को अपमानजनक और ऐतिहासिक गलती बताया था।

#### रूसी हमले में अब तक 3,153 यूक्रेनी नागरिकों की मौत

संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के मुताबिक, रूसी हमले की वजह से 24 फरवरी से अब तक 3,153 यूक्रेनी नागरिक मारे जा चुके हैं, जबकि 3,316 घायल हुए हैं। वहीं, ओडेसा पर रूसी मिसाइल हमले में एक 14 साल के लड़के की मौत हो गई, जबकि एक 17 साल की लड़की घायल हो गई।

#### डेनमार्क और स्वीडन कीव में शिफ्ट करेंगे एम्बेसी

डेनमार्क और स्वीडन जल्द ही अपनी एम्बेसी यूक्रेन का राजधानी कीव में शिफ्ट कर देंगे। स्वीडिश एम्बेसी अगले बुधवार तक ही लौटने का प्लान कर रही है। वहीं अमेरिकी दूतावास भी मई के आखिर तक कीव लौट सकता है। रूसी हमले की वजह से बहुत से देशों ने कीव में अपने दूतावास बंद कर दिए थे।

#### हंगरी को पहले से पता था रूस का प्लान

हंगरी को यूक्रेन पर रूसी हमले के बारे में पहले से जानकारी थी। यूक्रेनी रक्षा परिषद के सचिव ओलेक्सी डैनिलोव का कहना है कि पुतिन ने हमले की योजना के बारे में हंगेरियन अधिकारियों को बताया था। दूसरी तरफ जर्मनी ने रूसी ऑयल इंपोर्ट के खिलाफ लगाए जाने वाले यूरोपियन यूनियन के प्रतिबंधों का समर्थन करने का फैसला किया है।

#### रूस-यूक्रेन जंग के प्रमुख अपडेट्स

- पोप फ्रांसिस ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि 9 मई को युद्ध खत्म होगा। पुतिन युद्ध खत्म करने का प्लान बना चुके हैं।
- ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ने यूक्रेन को 37 .5 करोड़ डॉलर की सैन्य मदद भेजने की बात कही है।
- ब्रिटेन यूक्रेन को इलेक्ट्रॉनिक वॉर इक्विपमेंट और एक काउंटर-बैटरी रडार सिस्टम भेजेगा।
- यूएन और रेड क्रॉस के सपोर्ट से मारियुपोल में फंसे लोगों को निकालने का सिलसिला आज भी जारी रहेगा।

# प्रदेश में 1.5 करोड़ घरों की बिजली होगी गुल

### तेज हवा बंद होने से गहराया संकट, 14 हजार मेगावाट की डिमांड

जयपुर।

देशभर में गहराए एनर्जी संकट के बीच राजस्थान में हालात अधिक खराब हैं। बिजली संकट इतना गहरा गया है कि ब्लैकआउट होने की आशंका है। यहां के कई पावर प्लांट में पांच यूनिटें अलग-अलग कारणों से बंद है। इस कारण बिजली उत्पादन पर असर पड़ रहा है। विंड एनर्जी सप्लाई के कारण बीते कुछ दिनों से राहत थी, लेकिन हवा की स्पीड कम होने से अचानक सप्लाई ठप हो गई है। विंड प्लांटों से पिछले 2-3 दिन से मिल रही 2500-2600 मेगावट बिजली अचानक घटकर बुधवार को 100 मेगावाट पर आ गई है। अचानक ठप हुए विंड पावर



जनरेशन से सीधे 2500 मेगावाट बिजली की किल्लत पैदा हो गई है। मौसम बदलने, बादलों और बारिश से गर्मी से कुछ राहत के बाद मंगलवार को बिजली की मांग में 1500 मेगावाट की कमी थी। इसलिए भी इंडस्ट्री और कृषि को छोड़कर बिजली कटौती नहीं की गई। अब बिजली की अधिकतम डिमांड फिर से 14 हजार मेगावाट से ऊपर जा सकती है। इसलिए कटौती शुरू हो गई है।

**बिजली किल्लत का असर :** बिजली की बड़ी किल्लत का असर 1.52 करोड़ बिजली उपभोक्ताओं पर होगा। प्रदेश में करीब 1 करोड़ 19 लाख घरेलू उपभोक्ता हैं। इनमें कॉमर्शियल 14 लाख, इंडस्ट्रियल 3.54 लाख उपभोक्ता हैं। एग्रीकल्चर के 15.41 लाख के करीब बिजली कनेक्शन हैं। क्राइसिस रहने तक ग्रामीण क्षेत्रों में 6 से 8 घंटे तक पावर कट रह सकती है। कृषि के लिए 4-4 घंटे के स्लॉट में बिजली सप्लाई जारी रखी जा सकती है। इंडस्ट्री को 8 घंटे तक बिजली लिमिट की संभावना है। वहीं, घरेलू और कॉमर्शियल उपभोक्ताओं को 4 घंटे तक पावर कट का सामना करना पड़ सकता है। इमरजेंसी और आवश्यक सेवाओं को बिजली कटौती से छूट रहेगी।

**4800 मेगावाट बिजली की कमी :** केवल विंड पावर का ही नुकसान नहीं हुआ। तकनीकी कारणों से कालीसिन्ध थर्मल पावर प्लांट की दूसरी 600 मेगावाट की सुपर क्रिटिकल यूनिट ठप हो गई है। कालीसिंध की एक अन्य यूनिट पहले ही एनुअल शटडाउन पर है। जिसे मिलाकर अब अलग-अलग पावर प्लांट्स की ठप यूनिट्स की संख्या 5 हो गई है। वहीं, 1720 मेगावाट कैपेसिटी की 4 अलग-अलग थर्मल पावर प्लांट्स यूनिट्स टेक्नीकल कारणों से पहले ही बंद पड़ी हैं। इस तरह सरकारी थर्मल पावर का 2320 मेगावाट और विंड पावर का 2500 मेगावाट प्रोडक्शन घटने से 4820 मेगावाट बिजली की किल्लत हो गई है।

## सम्पादकीय

# रिश्तों की कूटनीति

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी का जर्मनी, डेनमार्क और फ्रांस जैसे यूरोपीय देशों का दौरा तेजी से बदल रही वैश्विक राजनीति में भारत की बढ़ती अहमियत को रेखांकित करता है। यह यात्रा महत्त्वपूर्ण इसलिए भी है कि रूस-यूक्रेन युद्ध की वजह से दुनिया में खेमेबाजी बढ़ी है और भारत किसी भी गुट में शामिल नहीं है। भारत शुरू से ही तटस्थ रुख अपनाता आया है और आज भी इस पर कायम है। जर्मनी के चांसलर ओलाफ शाल्ज के साथ भी प्रधानमंत्री मोदी ने यही कहा कि किसी भी सूरत में युद्ध रुकना चाहिए और भारत पहले ही दिन से ही इसकी वकालत और प्रयास करता रहा है। डेनमार्क में भी प्रधानमंत्री ने रूस-यूक्रेन युद्ध को तत्काल रोकने पर जोर दिया। इससे भारत ने दुनिया को एक बार फिर दो-टूक संदेश दिया है कि वह किसी गुट का सदस्य बनने के बजाय युद्ध रोकने और शांतिके प्रयासों में ही भरोसा रखता है। गौरतलब है कि फ्रांस, जर्मनी और डेनमार्क सहित यूरोपीय संघ के सदस्य देश यूक्रेन के साथ और रूस के खिलाफ खड़े हैं। यूरोपीय संघ भारत से भी यह अपेक्षा कर रहा है कि इस मुद्दे पर वह रूस के खिलाफ खड़ा हो और यूक्रेन पर हमले का विरोध करे। देखा जाए तो मामला रूस-यूक्रेन युद्ध तक ही सीमित नहीं है। यूरोपीय देश भारत को एक बड़े भागीदार के रूप में भी देखते रहे हैं। चाहे जलवायु संकट से निपटने का मुद्दा हो या हरित ऊर्जा, अंतरिक्ष सहयोग जैसे दूसरे क्षेत्र हों, सभी में भारत की गिनती अहम और निर्णायक भूमिका अदा करने वाले देश के रूप में हो रही है। विकसित देश भी इस हकीकत को स्वीकार कर रहे हैं कि भारत को नजरअंदाज करके वैश्विक संकटों से निपटना संभव नहीं है। वरना जर्मनी के चांसलर शाल्ज भारत को समूह सात (जी-7) शिखर सम्मेलन के लिए न्योता क्यों देते? यह बात इसलिए भी अहमियत रखती है कि यूक्रेन के मुद्दे पर तटस्थ रुख रखने के बाद भी बड़े देश भारत को अलग-थलग करने की नहीं सोच सकते। हालांकि भारत पर इसके लिए दबाव कम नहीं पड़े हैं। यह बात तो फ्रांस, जर्मनी जैसे देश समझते ही हैं कि युद्ध एक न एक दिन खत्म होगा ही, लेकिन भारत के साथ भागीदारी और कारोबारी संबंध हमेशा चलने वाले हैं। इसमें तो कोई संशय नहीं कि युद्ध ने यूरोपीय देशों को भी बुरी तरह प्रभावित किया है। ऐसे में उनके लिए भारत जैसा देश एक बड़े मददगार के रूप में साथ खड़ा है। गौरतलब है कि हाल में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जानसन और यूरोपीय संघ की प्रमुख उर्सूला लेयन ने भी भारत का दौरा इसी उद्देश्य से किया था कि भारत के साथ रिश्तों को और मजबूती दी जा सके।

इस यात्रा का एक और बड़ा हासिल यह भी है कि जर्मनी हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भारत का सहयोगी बनने को राजी हो गया है। इससे पहले ब्रिटेन भी इसकी रजामंदी दे चुका है। यूरोपीय संघ की प्रमुख उर्सूला लेयन ने भी इस मुद्दे पर भारत के साथ सहमति जता दी है। यानी हिंद-प्रशांत क्षेत्र में रणनीतिक दबदबा बनाने की दिशा में यूरोप के मुल्क भी भारत के साथ आ रहे हैं। अमेरिका के नेतृत्व में बना क्वाड समूह, जिसका भारत भी सदस्य है, पहले से इस क्षेत्र की सुरक्षा को लेकर सतर्क है। सबकी चिंता हिंद-प्रशांत क्षेत्र के जलमार्ग को चीन के दबदबे से बचाने की है। प्रधानमंत्री के यूरोप दौरे से यह और साफ हो गया है कि भारत भले किसी गुट में न हो, लेकिन उसकी कूटनीति की धमक जरूर बनने लगी है।

# मोदी सरकार के प्रयासों से दुनिया में फॉर्मेसी का हब बन रहा है भारत

**भारत जेनेरिक दवाओं के उत्पादन के मामले में विश्व में काफी आगे है। दरअसल जेनेरिक दवाओं की ब्रांडेड संरचना ब्रांडेड दवाओं के अनुसार ही होती है। लेकिन वो रासायनिक नामों से ही बेची जाती है ताकि जनता को कोई उलझन न रहे। क्रोसिन और कालपोल, ब्रांडेड दवाओं के वर्ग में आती हैं जबकि जेनेरिक दवाओं में इनका नाम पैरासिटामाल है। जब कोई कम्पनी कई सालों की रिसर्च के बाद किसी दवा की खोज करती है तो उस कम्पनी को उस दवा के लिये पेटेंट मिलता है जिसकी अवधि 10 से 20 वर्ष की रहती है। पेटेंट अवधि के दौरान केवल वही कम्पनी इस दवा का निर्माण कर बेच सकती है, जिसने इस दवा की खोज की है। जब दवा के पेटेंट की अवधि समाप्त हो जाती है तब उस दवा को जेनेरिक दवा कहा जाता है। यानि, पेटेंट की अवधि समाप्त होने के बाद कई अन्य कम्पनियां उस दवा का निर्माण कर सकती हैं। परन्तु इस दवा का नाम और कीमत अलग-अलग रहती है। ऐसी स्थिति में दवा जेनेरिक दवा मानी जाती है। भारतीय बाजार में केवल 9 प्रतिशत दवाएं ही पेटेंटेड श्रेणी की हैं और 70 प्रतिशत से अधिक दवाएं जेनेरिक श्रेणी की हैं।**

**पिछले** 8 वर्षों के दौरान भारत के ड्रग्स एवं फार्मा उत्पाद के निर्यात में 103 प्रतिशत की आकर्षक वृद्धि दर अर्जित की गई है। ड्रग्स एवं फार्मा उत्पाद के निर्यात वर्ष 2013-14 में 90,414 करोड़ रुपए के रहे थे जो 2021-22 में बढ़कर 1.83 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गए हैं। भारत अब औषधियों के उत्पादन के क्षेत्र में विश्व में प्रमुख भूमिका निभा रहा है और इस क्षेत्र में विश्व का लीडर बनने की राह पर चल पड़ा है। आकार के मामले में भारतीय दवा उद्योग विश्व स्तर पर आज तीसरे स्थान पर है। भारत में वर्ष 2019-2020 में औषधियों का कुल वार्षिक कारोबार 289,998 करोड़ रुपये का रहा था। विश्व में उपयोग होने वाली जेनेरिक दवाईयों का 20 प्रतिशत भाग भारत निर्यात करता है। भारत में औषधि निर्माण के लिए 10,500 से अधिक औद्योगिक केंद्रों का मजबूत नेटवर्क है तथा 3,000 से अधिक फार्मा कम्पनियां भारत में औषधियों का निर्माण कर रही हैं। पूरे विश्व में सबसे बड़ा वैक्सीन उत्पादक देश भी भारत ही है। टीकों की कुल वैश्विक मांग के 62 प्रतिशत भाग की आपूर्ति भारत ही करता है। जेनेरिक दवाओं और कम लागत वाले टीकों के लिए आज भारत का नाम पूरे विश्व में बड़े विश्वास एवं आदर के साथ लिया जा रहा है। भारतीय औषधि उद्योग की आज पूरे विश्व में धमक दिखाई दे रही है एवं भारत दुनिया का फार्मेसी हब बनने की अपने कदम बढ़ा चुका है।

पिछले 9 वर्षों के दौरान भारतीय औषधीय क्षेत्र में 9.43 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वृद्धि (सीएजीआर) दर हासिल की गई है। भारत आज पूरे विश्व में जेनेरिक दवाओं का सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता देश बन गया है। भारत 60 चिकित्सीय श्रेणियों में लगभग 60,000 जेनेरिक दवाओं का निर्माण करता है। भारतीय औषधीय उद्योग ने कोविड महामारी का मुकाबला करने में भी वैश्विक स्तर पर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। कोविड महामारी के काल में भारत ने 120 देशों को हाईड्रोक्सीक्लोरोक्वीन नामक दवाई उपलब्ध कराई थी तथा 20 से अधिक देशों को पैरासिटामोल भी पर्याप्त मात्रा में निर्यात की थी। 100 से अधिक देशों को भारतीय वैक्सीन के 6.50 करोड़ डोज भी उपलब्ध कराए गए हैं। फार्मास्यूटिकल के क्षेत्र में भारत आज विश्व का पावर हाउस बन गया है। हाल ही में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जोनसन ने अपनी भारत यात्रा के दौरान बताया था कि कोरोना से बचाव के लिए उन्होंने जो टीका लगवाया था वह भारतीय टीका ही था। भारत के लिए यह गौरव करने वाली बात है कि अन्य विकसित देशों के राष्ट्राध्यक्ष भी उनके अपने यहां उत्पादित टीकों के स्थान पर भारत में निर्मित टीकों पर अधिक विश्वास कर रहे हैं। इस प्रकार भारत में निर्मित हो रही औषधियों पर पूरे विश्व का विश्वास दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। एक अनुमान के अनुसार भारतीय फार्मा उद्योग का आकार वर्ष 2024 तक 6000 करोड़ अमेरिकी डॉलर का हो जाएगा। वर्ष 2014 से आज तक भारतीय फार्मा उद्योग में 1200 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश भी



किया गया है। जेनेरिक दवाएं सबसे पहले भारतीय कम्पनियां ही बनाती हैं एवं अमेरिका एवं यूरोपीयन बाजार को भी सबसे सस्ती जेनेरिक दवाएं भारतीय कम्पनियां ही उपलब्ध कराती हैं। चीन के मुकाबले भारतीय जेनेरिक दवाएं ज्यादा गुणवत्ता वाली मानी जाती हैं और कीमत में भी सस्ती होती हैं। जेनेरिक दवाएं ब्रान्डेड दवाओं की तुलना में बहुत सस्ती होती हैं, इसीलिये केन्द्र सरकार ने जेनेरिक दवाओं को सस्ते मूल्यों पर उपलब्ध कराने हेतु भारत में जन औषधि केन्द्रों की स्थापना की है। इन केन्द्रों पर 600 से ज्यादा जेनेरिक दवाईयां सस्ते दामों पर मिलती हैं एवं 150 से ज्यादा सर्जिकल सामान भी सस्ती दरों पर उपलब्ध है। दुनिया भर में भारतीय जेनेरिक दवाओं पर विश्वास बढ़ा है और ये देश अब भारत से ज्यादा से ज्यादा आयात करने लगे हैं। अमेरिकी बाजार के जेनेरिक दवाओं में भारत की हिस्सेदारी सबसे अधिक है। यूएसएफडीए के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2017-18 में दुनिया भर के 323 दवाईयों की टेस्टिंग की गई थी। इस टेस्टिंग में भारत की सभी दवाएं पास हुई थीं। इसके साथ ही, भारत में उत्पादन इकाईयों के मानकों को सही ठहराते हुए अमेरिकी एफडीए ने भारत की ज्यादातर उत्पादक इकाईयों को अमेरिका में निर्यात की अनुमति दे दी है। इससे जेनेरिक दवाइओं के बाजार में भारतीय कम्पनियों का दबदबा लगातार बढ़ रहा है। इस प्रकार कुल मिलाकर औषधियों के निर्माण एवं निर्यात के क्षेत्र में भारत की उपलब्धियां बहुत प्रशंसनीय एवं उत्साहवर्धक रही हैं। आगे आने वाले 10 वर्षों के दौरान लगभग 15 ऐसी बड़ी औषधियां हैं जो वैश्विक स्तर पर पेटेंट के दायरे से बाहर हो जाएंगी। इनके व्यापार की कुल मात्रा लगभग 7.50 लाख करोड़ रुपए के आसपास है अर्थात लगभग 10,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर। इन औषधियों के जेनेरिक श्रेणी में आने के बाद भारत वैश्विक स्तर पर इतनी बड़ी मात्रा में आने वाली मांग को किस प्रकार पूरा कर पाएगा, इस बात पर अभी से विचार किया जाना आवश्यक है। इसके लिए जो दो महत्वपूर्ण चुनौतियां आने वाली हैं उनमें एक इन दवाईयों का निर्माण करने हेतु कच्चे माल (एपीआई) की उपलब्धता सुनिश्चित करना।

## बॉलीवुड समाचार

# हर्षवर्धन कपूर ने किया खुलासा अनिल कपूर सेट पर खा लेते थे दूसरों का खाना



बॉलीवुड एक्टर हर्षवर्धन कपूर और उनके पिता अनिल कपूर से हाल ही में एक इंटरव्यू में एक-दूसरे के बारे में बात की गई तो हर्षवर्धन ने खुलासा किया कि उनके पिता को दूसरों का खाना खाने की आदत है। वहीं अनिल ने कहा कि उन्हें हर्ष के साथ फिल्म की शूटिंग के दौरान काफी समय बिताने को मिला, और इस बात से उनकी पत्नी सुनीता को बहुत जलन हो रही थी।

### दूसरों का खाना खाते हैं अनिल

हर्षवर्धन कहते हैं, अनिल कपूर दूसरों का खाना खाते हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या दोनों का लंच एक ही जगह से नहीं आता है, इस पर हर्ष ने जवाब दिया, भले ही उनके पास वही डिश हो, जो आपके पास है, फिर भी उन्हें आपके खाने में अपना हाथ डालना ही है। वैसे भी, मैं इतना कम खाता हूं, देखो मेरा साइज, लेकिन इसके बाद भी।

### हर्ष की बात पर अनिल ने किया रिएक्ट

हर्षवर्धन की इस बात के जवाब में अनिल कपूर ने कहा, मैंने अब तक जितना नोटिस किया है, वो ये है कि मैं बहुत बड़े दिल वाला इंसान हूं, मैं अपना खाना किसी के साथ भी शेयर कर सकता हूं, लेकिन ये लोग कहते हैं, इसे मत छुओ, मेरा खाना आप नहीं खा सकते अरे खाना ही खा रहा हूं यार। तेरे को इतने सालों से पाला है, थोड़ा खाना तो दे मुझे।

### अनिल ने की बेटे हर्ष के बारे में बात

अनिल ने कहा कि उन्होंने अपने बेटे के बारे में एक और बात देखी है कि वो एक्सप्रेसिव नहीं है। उन्होंने कहा, वो अब हमारे साथ नहीं रह रहा है। वो बाहर चला गया है और अपनो दम पर रह रहा है। मुझे नहीं पता कि इसकी क्या वजह है कि सभी सुख-सुविधाओं को छोड़कर वो अकेले रह रहा है। वो उन बच्चों में से नहीं है, जो आकर तुम्हें गले लगाते हैं और पापा पापा करते हैं। ऐसा कुछ नहीं है, हम बाप बेटे से ज्यादा अच्छे दोस्त हैं। जब बहुत जरूरी होता है तब हम बात करते हैं, लेकिन फिल्म की शूटिंग के दौरान मुझे हर्ष के साथ अधिक समय बिताने को मिला, और इस बात से मेरी पत्नी (सुनीता कपूर) को बहुत जलन हो रही थी।

### थार में साथ नजर आएंगे अनिल और हर्ष

हर्ष ने पहले अपने पिता के साथ 2020 की फिल्म AKvsAK में काम किया था, जहां अनिल गेस्ट अपीयरेंस में नजर आए थे। अब राज सिंह चौधरी द्वारा डायरेक्टेड और अनिल और हर्ष द्वारा प्रोड्यूस्ड फिल्म थार 6 मई से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीमिंग शुरू करेगी।



## करण जौहर ने लिखा इमोशनल पोस्ट

# मुझे ये कहते हुए बहुत दुख हो रहा है कि कॉफी विद करण शो अब नहीं लौट रहा है

फिल्ममेकर करण जौहर ने हाल ही में सोशल मीडिया के जरिए अनाउंस किया कि उनके टॉक शो कॉफी विद करण का कोई नया सीजन नहीं आएगा। दरअसल कुछ दिनों पहले खबरें आई थीं कि यह शो जल्द आने वाला है और इसकी शूटिंग मई से शुरू होने वाली है। खबरों में ये भी दावे किए गए थे कि आलिया भट्ट और रणबीर कपूर करण के पहले मेहमान बनेंगे। वहीं अब अचानक इसके सीजन न आने की खबर से फैंस काफी अपसेट हैं।

**करण ने बताया कॉफी विद करण अब नहीं लौटेगा :** करण ने एक नोट साझा करते हुए लिखा, हैलो, कॉफी विद करण के 6 सीजन्स मेरी और आपकी लाइफ का एक अहम हिस्सा रहे हैं। मुझे ऐसा लगता है कि इस शो से हमने बहुत प्रभाव छोड़ा है और पॉप कल्चर के इतिहास में खुद के लिए एक जगह तलाशी है। लेकिन अब मुझे ये कहते हुए बहुत दुख हो रहा है कि कॉफी विद करण अब नहीं लौट रहा है।



**फैंस इस खबर से काफी निराश हैं :** करण के इस पोस्ट से फैंस काफी निराश हैं। करण के इस पोस्ट पर एक यूजर ने लिखा, एक युग का अंत। दूसरे यूजर ने लिखा, करण क्या आप हमें रुलाना चाहते हैं? तीसरे यूजर ने लिखा, क्या कोई ट्विस्ट है? क्या यह सच है? क्या हो रहा है? वहीं बहुत से लोगों ने केएल राहुल और हार्दिक पांड्या को याद किया और लिखा, सबसे खुश इस वक्त हार्दिक पांड्या और केएल राहुल होंगे।

# रनवे-34 : फेडरेशन ऑफ इंडियन पायलट्स ने अजय देवगन की रनवे-34 पर लगाए आरोप, कहा-सच्चाई से कोसों दूर है फिल्म

एक्टर अजय देवगन इन दिनों हाल ही में रिलीज हुई अपनी फिल्म रनवे-34 को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। जिसमें अजय ने पायलट का रोल प्ले किया है। अब हाल ही में फेडरेशन ऑफ इंडियन पायलट्स ने अजय की इस फिल्म में पायलट्स को गलत ढंग से पेश करने का आरोप लगाया है। फिल्म में यह दावा किया गया है कि यह असल घटनाओं पर आधारित है। लेकिन, फेडरेशन का कहना है कि फिल्म पूरी तरह से काल्पनिक कहानी पर आधारित है। फिल्म को लेकर दावा किया गया है कि यह 2015 में दोहा से कोच्चि आ रही फ्लाइट के क्रैश लैंडिंग की असली कहानी पर आधारित है। मौसम खराब होने और विजिबिलिटी लो होने के कारण विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था और इसमें कई यात्रियों की मौत हो गई थी। लेकिन पायलट फेडरेशन का कहना है कि फिल्म में जो दिखाया गया है, वह सच्चाई से कोसों दूर है।

**सच्चाई से कोसों दूर है फिल्म :** पायलट फेडरेशन के सेक्रेटरी कैप्टन सीएस रंधावा ने एक बयान जारी कर रनवे 34 की




निंदा की है। उन्होंने कहा, फिल्म में पायलट्स के प्रोफेशन को जिस तरह से दिखाया गया है, वह सच्चाई से कोसों दूर है।

जिस तरह से फिल्म में दिखाया है, वह विमान में सफर करने वाले यात्रियों के मन में कई तरह के भ्रामक संदेह पैदा कर सकता है। रंधावा आगे कहते हैं, हम सभी मनोरंजन के लिहाज से फिल्म डायरेक्टर के आर्टिस्टिक लाइसेंस की सराहना करते हैं और इसका आनंद लेते हैं। लेकिन एक रोमांचक कहानी के नाम पर एयरलाइन पायलट्स के बीच जिस तरह से इसमें प्रोफेशनलिज्म दिखाया गया है और इसके होने का दावा किया गया है, यह सही नहीं माना जाना चाहिए। पायलट्स हर दिन हजारों फ्लाइट्स में जिम्मेदारी और पूरी सुरक्षा के साथ यात्रियों को लेकर उड़ान भरते हैं।

**सच्ची घटना पर आधारित नहीं है फिल्म :** एफआईपी ने अपने बयान में कहा है कि फेडरेशन फिल्म के इस दावे को खारिज करता है कि यह सच्ची घटना पर आधारित है। इस बात पर जोर देते हुए बयान में कहा गया है, यह बात हम फिर से कह रहे हैं कि फिल्म में जो किरदार है, वह हमारे पेशे का सही और सच्चे तरीके से प्रतिनिधित्व नहीं करता है।

हमारी इंडस्ट्री में मादक पदार्थों को लेकर जीरो टॉलरेंस की पॉलिसी है। हमारे पायलट अपनी कंपनियों, एविएशन रेगुलेटरी और जनता के भरोसे पर खरा उतरने के लिए प्रोफेशनलिज्म के के सबसे ऊंचे मानकों का पालन करते हैं।

## आज का राशिफल

### मेष
विद्यार्थी वर्ग सफलता अर्जित करेगा। पठन-पाठन में मन लगेगा। दूर यात्रा की योजना बन सकती है। मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा। वरिष्ठजनों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी।

### वृषभ
वाणी पर नियंत्रण रखें। किसी के व्यवहार से क्लेश हो सकता है। पुराना रोग उभर सकता है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। प्रतिद्वंद्विता बढ़ेगी। पारिवारिक चिंता में वृद्धि होगी। आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलेगी। तनाव रहेगा।

### मिथुन
आज धन का निवेश न करें। शत्रु नतमस्तक होंगे। विवाद को बढ़ावा न दें। प्रयास सफल रहेंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। आय के स्त्रोतों में वृद्धि हो सकती है। व्यवसाय ठीक चलेगा। चोट व रोग से बाधा संभव है।

### कर्क
लेन-देन में सावधानी रखें। शारीरिक कष्ट संभव है। परिवार में तनाव रह सकता है। शुभ समाचार मिलेंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। परिवार के साथ मनोरंजन का कार्यक्रम बन सकता है।

### सिंह
रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। सट्टे व लॉटरी से दूर रहें। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। कोई बड़ी समस्या से छुटकारा मिल सकता है। आय में वृद्धि होगी। प्रसन्नता में वृद्धि होगी।

### कन्या
अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। किसी विवाद में उलझ सकते हैं। चिंता तथा तनाव रहेंगे। जोखिम न उठाएं। घर-बाहर असहयोग मिलेगा। अपेक्षाकृत कार्यों में विलंब होगा।

### तुला
बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। आय के नए स्त्रोत प्राप्त हो सकते हैं। व्यापार-व्यवसाय में लाभ होगा। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। बेचैनी रहेगी।

### वृश्चिक
नई आर्थिक नीति बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। कारोबारी अनुबंधों में वृद्धि हो सकती है। समय का लाभ लें। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। नेत्र पीड़ा हो सकती है।

### धनु
बेचैनी रहेगी। चोट व रोग से बचें। काम का विरोध होगा। तनाव रहेगा। कोर्ट व कचहरी के काम अनुकूल होंगे। पूजा-पाठ में मन लगेगा। तीर्थयात्रा की योजना बनेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा।

### मकर
आज धन का निवेश न करें। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। विवाद से क्लेश संभव है। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में लापरवाही न करें। अपेक्षित कार्यों में अप्रत्याशित बाधा आ सकती है। तनाव रहेगा। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें।

### कुंभ
कष्ट, भय, चिता व बेचैनी का वातावरण बन सकता है। कोर्ट व कचहरी के काम मनोनुकूल रहेंगे। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। प्रसन्नता रहेगी। मातहतों से संबंध सुधरेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। धन प्राप्ति सुगम होगी।

### मीन
भूमि, भवन, दुकान व फैक्टरी आदि के खरीदने की योजना बनेगी। रोजगार में वृद्धि होगी। अपेक्षित कार्यों में सफलता मिलेगी। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। अपरिचितों पर अतिविश्वास न करें। प्रमाद न करें। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा।




# निजी चिकित्सा संस्थानों में प्रेक्टिस नहीं करें सरकारी डॉक्टर

## जिला कलक्टर पीयूष समारिया ने दिए निर्देश

नागौर(नागौर डेली न्यूज) :



सरकारी सेवारत् चिकित्सक, किसी भी निजी चिकित्सा संस्थान में सेवा नहीं दे सकते हैं। इसे लेकर जिला कलक्टर पीयूष समारिया ने सख्त निर्देश दिए हैं। जिला कलक्टर समारिया ने निर्देश दिए कि सरकारी सेवारत् चिकित्सक किसी भी निजी चिकित्सा संस्थान में सर्जरी इत्यादि अन्य किसी भी प्रकार की चिकित्सा सेवा नहीं दे सकते।

ऐसा पाए जाने पर संबंधित चिकित्सक के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। साथ वे सरकारी सेवारत् चिकित्सक, जो एनपीए का लाभ ले रहे हैं, वे घर पर चिकित्सा परामर्श शुल्क भी नहीं ले सकते। जिला कलक्टर ने समस्त सरकारी सेवारत् चिकित्सकों को उक्त निर्देशों की अक्षरशः पालना करने के निर्देश दिए गए हैं। इस संबंध में कोई भी व्यक्ति निजी चिकित्सा संस्थान में काम करने वाले सरकारी सेवारत चिकित्सक के विरूद्ध अपनी शिकायत जिला कलक्ट्रेट कार्यालय के दूरभाष नं. 01582-241444 पर दर्ज करवा सकते हैं।

# जनता कॉलोनी में गहराया पेयजल संकट

## सीवरेज के दौरान टूटी पाईपलाईन को दुरुस्त किये बिना बिछाये ब्लॉक

अबूबकर बल्खी

**लाडनूँ( नागौर डेली न्यूज ) :** शहर में सीवरेज कार्य के दौरान ठेकेदारों की लापरवाही का खामियाजा आमजन को भुगतना पड़ रहा है। यहां जनता कॉलोनी में करीब ढाई माह पूर्व सीवरेज कार्य के अनेक दौरान घरों की पाईपलाईन डैमेज हो गई जिसको ठेकेदार के अधीन कार्य कर रहे प्लंबर की लापरवाही से पाईपलाईन में पत्थर व प्लास्टिक रह गया और लाईन को पैक कर ऊपर सड़क भी बिछा दी। इसके बाद गली के आधे घर पानी सप्लाई से वंचित हो गए। स्थानीय निवासी मोहन सिंह गौड़, हनुमान सांखला, विजय गौड़, जितेंद्र व राजकुमार सांखला ने बताया कि करीब ढाई महीनों पहले एलएंडटी द्वारा दोनों गलियों में सीवरेज लाईन डाली गई इस दौरान पेयजल लाईन डेमेज हो गई, जिसको दुरुस्त करने के लिए ठेकेदार उदय सिंह ने मुकेश रैगर प्लंबर को भेजा। कार्य के दौरान पानी का बहाव रोकने के लिए प्लंबर ने पाईप में पत्थर व प्लास्टिक डालकर डाट लगाई, जिसको वापस निकालना भूल गया। इसकी जांच किये बिना ही रुडीप ने सड़क की मरम्मत कर ऊपर ब्लॉक बिछा दिए,



जिसका खमियाजा स्थानीय लोगों को भुगतना पड़ रहा है। यहां उसके बाद से आधे मुहल्ले में पेयजल संकट पैदा हो गया है।

### एक महीने से परेशानी

स्थानीय निवासी महेश सांखला ने इस संबंध में एलएंडटी के निदेशक को पत्र लिखकर समस्या के बारे में अवगत करवाते हुए कहा कि जनता कॉलोनी में पिछले एक महीने से घरों में पानी की सप्लाई नही आ रही जिसको एलएंडटी के अधिकारियों ने लेने से इनकार कर दिया व रुडीप से संपर्क करने की बात कही थी, जिसका दोनों और से कोई हल नहीं मिलने पर परेशान वार्ड वासियों ने अपने खर्च पर निजी प्लम्बर को बुलाकर लाईन की जांच करवाई। इस दौरान पाईप में प्लास्टिक व पत्थर डाले हुए मिले। रूपेश सैनी सर्वे एसओटी ने बताया कि पलम्बर मुकेश के बारे में ऐसी लापरवाही की शिकायत मिली है जिसका उच्चाधिकारियों को अवगत करवा कर कार्रवाई की जाएगी। इस बारे में साईट इंजीनियर ने बताया कि ऐसी कोई समस्या नहीं है गली के लोग अपने निजी स्वार्थ के लिए घर मे प्राइवेट पाईपलाईन डालने के लिए दबाव बना रहे हैं ऐसा नहीं करने पर शिकायत कर रहे हैं।

# ईडवा में तेजाजी की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा ओर मंदिर का लोकापर्ण 7 व 8 मई को

### केबिनेट मंत्री हेमाराम चौधरी होंगे मुख्य अतिथि




शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** ग्राम ईडवा में नवनिर्मित तेजा मंदिर में शनिवार को कलश यात्रा मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा ओर रविवार को संतों के सानिध्य में तेजाजी मंदिर का लोकापर्ण समारोह होगा। समारोह के आयोजक श्री वीर तेजाजी विकास सेवा समिति ईडवा ने जानकारी देकर बताया कि ईडवा मे शनिवार 7 मई को प्रात. सवा छः बजे तेजाजी महाराज की जोत का शुभ आगमन होगा तथा उसके बाद गांव मे कलश यात्रा निकाली जायेगी। मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा, हवन ओर धार्मिक अनुष्ठान होंगे। अगले दिन 8 मई को नवनिर्मित मंदिर के शिखर पर कलश चढावा होने के बाद संतों के सानिध्य में मंदिर का लोकापर्ण समारोह होगा, जिसमें वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के केबिनेट मंत्री हेमाराम चौधरी के मुख्य अतिथि के रूप मे भाग लेंगे। समारोह में दादू द्वारा नारायणा पीठ के मंहत गोपालदास महाराज की अध्यक्षता मे भादवासी संत हेतमराम महाराज के अलावा नागौर सांसद हनुमान राम बेनिवाल, पूर्व सांसद सीआर चौधरी, वरिष्ठ नागरिक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष गाोपालसिंह, डेगाना विधायक विजयपाल मिर्धा, पूर्व विधायक रिछपाल मिर्धा, पूर्व मंत्री अजयसिंह किलक सहित नागोर जिले के विधायक, प्रधान, सरपंच, पं.स. सदस्य, जिला परिषद सदस्य,भामाशाह ओर गणमान्य नागरिक विशिष्ठ अतिथि के रूप मे भाग लेंगे।

# सेल्यूट : डेगाना रेलवे पुलिस ने गहनों व नकदी से भरा बेग लौटाया

## डेगाना रेलवे पुलिस की सतर्कता से महिला यात्री के साढे तीन लाख रूपये बचे



शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** डेगाना के ग्राम खारड़िया निवासी तुलसीराम खण्डेलवाल अपने परिवार सहित मंगलवार की रात्रि को रेवाडी पेंसेंजर से जोधपुर जाने के लिए डेगाना स्टेशन से ट्रेन पर आये, लेकिन जल्दबाजी ओर सामान ज्यादा होने के कारण साथ में जा रही उनकी पत्नी का जेवरात ओर नकदी से भरा बेग प्लेटफार्म पर ही छूट गया। इस बीच प्लेटफार्म पर बदमाशों पर कार्रवाही कर अपराधों पर रोकथाम करने के लिए गश्त कर रहे जीआरपी चौकी प्रभारी पूनाराम नायक मय कानि: महिपाल सिंह को प्लेटफार्म नम्बर चार पर एक लावारिस लेडिज बेग दिखाई दिया। इस पर चौकी इंचार्ज नायक ने बेग को कब्जे में लेकर स्टेशन पर ही गस्त कर रहे आरपीअफ चौकी प्रभारी रोहितास मीणा व महिला कांस्टेबल भारती व महेशकुमार की मौजूदगी में लेडिज बेग को खोलकर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान बेग में मिले आधार कार्ड, एक महिला का मोबाईल ओर कागजों के आधार पर बेग मालिक तुलसीराम खंडेलवाल निवासी खारडिया हाल मुकाम श्रीपाल नगर इचलकरंजी महाराष्ट्र को सूचना दी। उधर सोने के जेवरात ओर रूपये से भरे बेग के खो जाने से महिला यात्री बदहवास हो गई ओर गहरी चिंता में पूरा परिवार डूब गया। इसी बीच जीआरपी पुलिस डेगाना द्वारा बेग मिलने की फोन पर सूचना आई तो यात्री की जान में जान आई। चोकी इंचार्ज पूनाराम नायक ने बताया की पीड़ित परिवार को जो इंचलकरंजी जा रहा था। मेडता रोड से बुधवार को वापस डेगाना पहुंचा। जहां रेलवे पुलिस ने खाण्डल विप्र समाज के जिलाध्यक्ष बेनिगोपाल रूथंला ओर डेगाना शाखा सभा अध्यक्ष सत्यनारायण जोशी की मौजूदगी बेग को सकुशल लौटाया।






# बेटी की बिंदोरी निकाल दिया महिला सशक्तीकरण का संदेश



सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** एक ओर जहां कई लोग बेटी को बोझ समझते हैं वहीं कई लोग ऐसे भी हैं जो बेटियों को बेटों से कम नहीं आंकते। ऐसा ही महिला सशक्तिकरण का उदाहरण पेश किया कुचामन निवासी देवराज मालवीय ने। उन्होंने अपनी बेटी खुशहाली की शादी के मौके पर, उसको घोड़ी पर बिठाकर पूरे शहर में बिंदोरी निकाली और समाज में महिला सशक्तिकरण के साथ-साथ बेटी पढ़ाओ-बेटी बचाओं जागरूकता का संदेश भी दिया। लोहार का कार्य करने वाले देवराज मालवीय ने अपनी बेटी को फिजिक्स से एमएससी तक शिक्षा भी दिलाई है। देवराज की तारीफ पूरे इलाके में हो रही है और कहा जा रहा है कि उन्होंने अपनी बेटी खुशहाली की शादी के मौके पर बेटी को घोड़ी पर बैठाकर उसकी बिंदोरी निकालकर बेटा-बेटी के भेद को मिटाने और बेटों के बराबर बेटियों को भी तवज्जों देने का संदेश दिया। बिंदोरी का गांव में जगह-जगह स्वागत भी किया गया। गौरतलब है कि 7वीं तक पढ़े देवराज लोहार के अपने बच्चो को उच्च शिक्षा दिलवाई है। इनकी पुत्री खुशहाली ने फिजिक्स से एमएससी कर नेट की तैयारी कर रही है वहीं छोटी बेटी ने भी बीसीए कर एमसीए की तैयारी कर रही है। साथ ही बड़ा बेटा भी बी टेक करने के बाद जॉब कर रहा है।

छोटा बेटा भी 11वीं में अध्ययन कर रहा है। इस तरह लोहे का काम करने वाले देवराज मालवीय शिक्षा के प्रति जकरुक है। इस मौके पर दुल्हन खुशहाली ने बताया कि मेरे पापा ने बेटा और बेटी में फर्क नहीं समझते हुए हम सबको पढ़ाया है और आज मुझे घोड़ी पर बैठा कर बेटों की तरह मेरी बिंदोरी भी निकाली है।

# कुचामन में विवाहिता निर्मला कुमावत की संदिग्ध अवस्था में मौत

## निर्मला की मौत....हादसा, आत्महत्या या हत्या ?, शहर में चर्चा का विषय, श्मसान पहुंची पुलिस लेकिन...

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** शहर के धनजी का बाग के पास सीकर बाईपास स्थित एक घर में मंगलवार की रात्रि में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सुबह आनन-फानन में विवाहिता के शव को अंतिम संस्कार के लिए श्मसान घाट ले जाया गया। पुलिस को जब इस प्रकरण की सूचना मिली तो सीआई हनुमान चौधरी पुलिस टीम के साथ तुरंत श्मसान घाट पहुंचे लेकिन तब तक शव को मुखाग्नि दी जा चुकी थी।

जानकारी के अनुसार विवाहिता निर्मला कुमावत टिक-टॉक पर भी खूब एक्टिव रहती थी। वह खुले विचारों की थी व जिन्दगी को अपने ढंग से जीना अधिक पसंद करती थी।

निर्मला के टिक-टॉक एप पर लाखों की संख्या में फोलोवर्स भी थे। हालांकि ससुराल पक्ष के लोग निर्मला की मौत का कारण सीढ़ियों से गिरकर होना बता रहे हैं।

### हादसा, आत्महत्या या हत्या ?

बुधवार को पूरे दिन शहर के इस बात की चर्चा होती रही कि वाकई में निर्मला की मौत एक हादसा था, आत्म हत्या थी या हत्या ? निर्मला की अचानक मौत लोगो को हजम नहीं हो रही है। हालांकि निर्मला के पीहर पक्ष ने भी पुलिस को किसी भी प्रकार की शंका नहीं होने की रिपोर्ट दी है। पीहर पक्ष के लोगों ने भी इसे सिर्फ हादसा ही करार दिया है।

### इनका कहना है-

'मामला संदिग्ध था इसलिए सूचना मिलते ही श्मसान घाट पहुंचे। शव को मुखाग्नि दे दी गई थी। मृतका का पीहर कुचामन में ही है। पीहर पक्ष के लोगों ने किसी भी प्रकार का कोई शक-सूबा जाहिर नहीं किया है इसके लिए उन्होंने लिखित में पुलिस को लिखकर दिया है कि निर्मला की मौत सीढ़ियों से गिरने से ही हुई है।'



**हनुमानराम चौधरी**
**सीआई, पुलिसथाना**
**कुचामनसिटी।**

# पूर्व जिला न्यायाधीश बारुपाल ने केरिया नाड़ा परिसर में किया पौधारोपण



श्यामसुंदर प्रजापत

**मीठड़ी( नागौर डेली न्यूज ) :** मीठड़ी कस्बे के बाईपास हाईवे पर स्थित हराभरा तालाब अभियान के तहत मार्डन गार्डन विकसित किया जा रहा है। भामाशाह व पूर्व जिला न्यायाधीश उदयचंद बारुपाल ने गार्डन को गोद लेकर स्वर्गीय पत्नी कौशल्या देवी की याद में स्मृति वन बनाया जा रहा है। इससे पूर्व भी गार्डन में सैकड़ों पौधे छायादार व आर्टिफिशल पौधे लगाये जा चुके है। साथ बैठने के लिए बैंचे लगवाई गयी है। आज पूर्व जिला न्यायाधीश बारुपाल ने अपनी 57 वीं वैवाहिक वर्षगांठ पर जयपुर से लाकर कल्पवृक्ष के नर मादा के जोड़े के रुप में दो पौधौ का पौधारोपण ढोल-ढमाके के साथ किया। वहीं टीगार्ड लगाकर कल्पवृक्ष के पौधो को सुरक्षा प्रदान की।

गार्डन में लगे सैकड़ौ पौधो का अवलोकन किया। साथ ही भविष्य में टीन सेट, सैकड़ौ विभिन्न प्रकार के पौधे लगाने व विभिन्न मनोरंजन के साधन उपलब्ध कराने की योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष उदयचंद बारुपाल, सेवानिवृत्त उपायुक्त वाणिज्य कर विभाग शंकरलाल महरानियां, पूर्व सरपंच लोकेन्द्र सिंह, सरपंच कैलादेवी बावरी, विकास समिति अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, गहना बारूपाल, वार्ड पंच प्रेमसुख योगी, गोपाल प्रजापत, देवाराम गुर्जर, चन्दाराम मेघवाल, करिश्मा आदि ग्रामीण मौजूद थे।

# पाटनी की पुण्य स्मृति पर बाहरी राज्यों से आए मजदूरों को खिलाया खाना



सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** शहर के समाजसेवी स्वर्गीय कंवरीलाल पाटनी की पुण्य स्मृति पर उनके परिजनों ने बुधवार को जरूरतमंदों को खाना खिलाया।

महावीर इंटरनेशनल युवा केंद्र के आनन्द सेठी ने बताया कि संस्था के तत्वावधान में विमलचंद मनीष कुमार पाटनी, बरखा रानी पाटनी परिवार द्वारा अपने दादाजी कंवरीलाल पाटनी की पुण्यतिथि पर शहर में स्टेशन रोड पर ही रहकर गुजर बसर करने वाले बाहरी राज्यों के मजदूरों को भोजन करवाने का कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें भाजयुमों के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अशोक सैनी भादरा भी उपस्थित रहे। सैनी ने इस सेवा कार्य के दौरान मजदूरों को अपने हाथों से भोजन भी प्रदान कराया।

पूर्व भाजपा पार्षद बरखा रानी पाटनी द्वारा निरंतर किए जाने वाले सामाजिक कार्यों की प्रशंसा भी की। इस दौरान पाटनी परिवार से माताजी सरोज देवी, मनोज कुमार एवं संस्था के सदस्य आशीष झांझरी, विकास नीतू पाटनी, पवन स्नेहा गट्टानी, मोहित सेठी, आशा सेठी, प्रवीण-प्रियांशु डोसी, सौरभ पहाड़िया, विशाल काला, अश्वनी खालड़का, निकिता गंगवाल, सुरेंद्र सिंह दीपपुरा उपस्थित रहे।

# प्याज का भी समर्थन मूल्य घोषित करने की मांग

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** प्याज की खेती करने वाले किसान बहुत परेशान है। कारण यह है कि प्याज की कीमतों में लगातार गिरावट जारी है। ऐसे में किसानों को बढ़िया भाव नहीं मिल रहा है, जिसके समाधान को लेकर अब भगतसिंह यूथ ब्रिगेड ने किसानों की समस्या को देखते हुए प्याज को न्यूनतम समर्थन मूल्य के अंदर लाने की मांग रखी है। इसके तहत ब्रिगेड ने 30 रूपये प्रति किलो प्याज का न्यूनतम भाव निर्धारित करने की मांग की है। भगतसिंह यूथ ब्रिगेड संस्थापक रतनाराम गोदारा, राष्ट्रीय अध्यक्ष रामअवतार भाकर, प्रदेशअध्यक्ष परसाराम बुगालिया तथा तहसील अध्यक्ष झूमरमल बिजारणिया का कहना है कि प्याज की खेती में लागत अधिक है ऐसे में 30 रुपये प्रति किलो भाव होने से उनकी लागत के साथ ही थोड़ा मुनाफा भी मिल जाएगा। भगत सिंह यूथ ब्रिगेड ने मांग पत्र मे लिखा है कि किसानों को फसल का इतना दाम कब मिल रहा है कि उनकी लागत निकालना भी मुश्किल हो रहा है प्याज की खेती करने वाले किसान व्यापारियों की चुंगल में बुरी तरह फंसे हुए हैं उनकी मेहनत की कमाई कुछ व्यापारी और बिचौलिए खा रहे हैं।

# सड़क दुर्घटना में धीजपुरा के युवक की मौत

## आवारा जानवर के सड़क पर आ जाने से हुआ हादसा

पुखराज तानाण



**बड़ी खाटू( नागौर डेली न्यूज ) :** डेगाना-राजापुरा-खाटू हाईवे से धीजपूरा गांव आते समय अचानक अवारा जानवर सड़क पर आ जाने से हुई सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकरी के अनुसार मनोहर लाल पुत्र रामचंद्र मेघवाल उम्र 28 निवासी धीजपुरा अपनी बाइक से जा रहा था तभी सड़क पर आवारा जानवर आ जाने से मोटरसाइकिल अनियंत्रित हो गई। हादसे में मनोहरलाल गंभीर घायल हो गया जिसे सीएचसी बड़ी खाटू लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने घायल को नागौर चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया। यहां पहुंचने पर घायल युवक ने दम तोड़ दिया। चिकित्सको ने शव का पोस्टमार्टम करके परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# सांसद दीयाकुमारी 6 मई को मेड़ता-डेगाना विधानसभा के दौरे पर रहेंगी

## उद्घाटन के साथ विभिन्न कार्यक्रमों में करेगी शिरकत

तेजाराम लाडणवा



**मेड़तासिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** राजसमन्द सांसद दीयाकुमारी 6 मई शुक्रवार को राजसमन्द संसदीय क्षेत्र की मेड़ता और डेगाणा विधानसभा के एक दिवसीय प्रवास पर रहेगी जहां वे जन सुनवाई के साथ पीएमजीएसवाई के अंतर्गत बनी सड़क का उद्घाटन करेगी। मीडिया संयोजक मधुप्रकाश लड्ढा ने बताया कि सांसद दीयाकुमारी 6 मई को प्रात: 11:00 बजे थांवला में जन सुनवाई कार्यक्रम, दोपहर 12:30 बजे पंचरोलीया पीएमजीएसवाई में सड़क उद्घाटन, 1:30 बजे उदर्डा सन्त समाज कार्यक्रम में, 2:15 बजे मुग्दडा में उद्घाटन एवं प्राण प्रतिष्ठा तथा 3:30 बजे लिलिया पंचायत में होने वाले विभिन्न कार्यक्रम में सम्मिलित होगी।

# सर्व सहमति के साथ आम रास्ते से हटाया अतिक्रमण



श्यामसुन्दर प्रजापत

**मीठड़ी( नागौर डेली न्यूज ) :** मीठड़ी कस्बे के सुकली के बालाजी मंदिर के सामने आमजन के फायदे के लिए ग्राम पंचायत के सहयोग से सर्व सहमति से आम रास्ते अतिक्रमण हटाया गया। विकास समिति अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ने बताया कि सुकली के बालाजी, लौहारों का मौहल्ला में आम रास्ता की चौड़ाई लगभग दस फीट ही है, जिससे वाहनों के आगमन के दौरान वाहन चालकों व ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था।

ग्राम पंचायत सरपंच कैलादेवी बावरी, विकास समिति अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ने आम रास्ते आ रहे दुकानदार अजीज लौहार, अल्लानूर लौहार,राजकुमार जोधा, विजय कुमार खंडेलवाल से बातचीत कर सर्व सहमति से जेसीबी मशीन की सहायता से अतिक्रमण हटाया गया, जिससे यह आम रास्ता लगभग 18 फीट हो गया। इस फैसले को कस्बे गणमान्य नागरिकों ने सराहनीय विकासशील कदम बताया। जो कस्बे आमजन के लिए फायदेमंद साबित होगा। इस दौरान सरपंच कैलादेवी बावरी, विकास समिति अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, राजकुमार जोधा, विजय कुमार खंडेलवाल, मजिद लौहार, आन्दीलाल गौड़, गोपाल जाट, संदीप व्यास, गोविन्द पारीक सहित आदि ग्रामीण मौजूद थे।

# जैन समाज ने दान दिवस के रूप में मनाई अक्षया तृतीया, गौशालाओं में पहुंचकर गौवंश को डाला चारा-पानी



सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज )।** दिगम्बर जैन समाज ने अक्षया तृतीया पर्व दान दिवस के रूप में मनाया। इस दौरान पुरुषों के साथ साथ महिलाएं भी गौशालाओं में पहुंची और पशुधन के लिए हारा चारा व पानी की व्यवस्था की। दरअसल दिगम्बर जैन समाज के प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव आदिनाथ महाराज एक वर्ष 39 दिन तक उपवास पर रहे और फिर उन्होंने अक्षया तृतीया को हस्तीनापुर में इक्षु रस से प्रथम आहार लिया तभी से जैन समाज आखा तीज को दान दिवस के रूप में मनाता है। कुचामन की विराग महिला मंडल की टीम ने भी समरिया गौशाला में सेवा कार्य किया। विराग महिला मंडल की मंत्री पूर्व पार्षद बरखा जैन ने बताया कि महिला मंडल की तरफ से गौशाला में पशुधन के लिए हरा चारा डाला गया और गायों की सेवा की गई। उन्होंने बताया कि गो सेवा से बड़ा कोई परामर्थ नहीं है इसलिए विराग महिला मंडल ने दान दिवस पर गौशाला में गायों को हरा चारा खिलाने का कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान मंडल की अध्यक्ष शोभा रांवका, कोषाध्यक्ष वर्षा पाटनी, मंजू पाटौडी, जिम्मी पाटोड़ी, वर्षा पाटौड़ी, मंजुला पांडया, उषा गंगवाल, निकिता गंगवाल, रेश्मा गोधा, संतोष गंगवाल, मंजू पहाड़िया, बीना पहाड़िया, नीतू पहाड़िया, सुमन पहाड़िया, मीना पहाड़िया, राजकुमारी पाटनी, अल्का गंगवाल, समता जैन सहित अनेक महिलाएं मौजूद थीं। अंत में अध्यक्ष शोभा रांवका और मंत्री बरखा जैन ने सभी का आभार ज्ञापित किया।

# छोटी गहलोत की ओर से 31 आंगनबाड़ी केंद्रों में पानी के कैंपर किए वितरित

तेजाराम लाडणवा



**मेड़तासिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** भारतीय जनता पार्टी के द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया, महिला मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष अलका मूंदड़ा, राजसमंद सांसद दिया कुमारी, प्रदेश संयोजक रजनी गावड़िया के आदेशानुसार जिला संयोजिका छोटी गहलोत के नेतृत्व में बुधवार को शहर में स्थित 5 नंबर राजकीय विद्यालय में मुख्य अतिथि भाजपा वरिष्ट नेता विरेंद्र वर्मा, पुखराज टाक, नवरतनमल सिंघवी, मंडल महामंत्री रामेश्वर घांची, मंडल मेड़ता भाजपा मीडिया प्रभारी लक्ष्मीनारायण रांकावत, पार्षद स्वेता सोनी, आंगनवाड़ी सुपरवाइजर रहमत बानो, जंवरी लाल देवड़ा सहित के मौजूदगी में राष्ट्रीय पोषण मिशन अभियान कार्यक्रम आयोजित हुवा। इसमें राष्ट्रीय पोषण मिशन अभियान के तहत जिला संयोजिका छोटी गहलोत की ओर से 31 आंगनवाड़ी केंद्रों में पानी के कैंपर वितरण किए गए।

इस अवसर पर वरिष्ट नेता वीरेंद्र वर्मा, पुखराज टाक, नवरतनमल सिंघवी, स्वेता सोनी, सुपरवाइजर रहमत बानो, जंवरी लाल देवड़ा ने यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा राष्ट्रीय पोषण मिशन अभियान कार्यक्रम पर प्रकाश डालते हुवे कहा कि यह आभियान बच्चो के लिए लाभदायक सिद्ध होगा। कोई भी बच्चा कुपोषण का शिकार नहीं होगा। जिला संयोजिका छोटी गहलोत ने कहा कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका और आशा सहयोगिनीया के द्वारा ही कुपोषण मुक्त भारत बनाया जाता सकता है। इस मौके पर दीपिका व्यास, सुनीता, राजू दहिया सहित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रही।

# शिक्षकों के स्थानांतरण सहित ज्वलंत मांगों को लेकर शिक्षक संघ शेखावत आज करेगा ब्लॉक मुख्यालयों पर विरोध प्रदर्शन

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** राजस्थान शिक्षक संघ (शेखावत) के प्रान्तीय आव्हान पर शिक्षकों के स्थानांतरण सहित 17 सूत्रीय मांगपत्र को लेकर आज 5 मई गुरुवार को प्रदेश के ब्लॉक मुख्यालयों पर विरोध प्रदर्शन कर एसडीएम/ सीबीईओ के माध्यम से मुख्यमंत्री एवं शिक्षामंत्री, राजस्थान सरकार को ज्ञापन दिए जायेंगे।

जिला मन्त्री प्रेम सिंह चौधरी ने बताया कि राज्य सरकार के कार्यकाल को करीब साढ़े तीन साल का समय हो गया है। शिक्षकों के स्थानांतरण के लिए स्थानांतरण नीति बनाकर पारदर्शी तरीके से शिक्षकों के स्थानांतरण करने, शिक्षकों को गैर शैक्षिक कार्यों से मुक्त करने, शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर करने एवं 7,14,21,28 व 32 बर्ष की सेवा पर शिक्षकों को चयनित वेतनमान देने सहित 17 सूत्रीय मांगपत्र को लेकर संगठन लम्बे समय से आन्दोलन कर रहा है। संगठन ने जुलाई 2021 से 7 चरणों में आन्दोलन के बाद शिक्षामंत्री के निर्देश पर निदेशक से वार्ता कर आठवे चरण में निदेशालय पर हल्लाबोल को स्थगित किया लेकिन सरकार व्दारा कोई कार्रवाई नही करने पर फरवरी- मार्च 2022 में पुन: 4 चरणों में आन्दोलन किया।

### 2 माह से सिर्फ आश्वासन

इस बीच संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षामंत्री से मिलकर शिक्षकों के स्थानांतरण सहित शिक्षकों की वाजिब मांगों के समाधान की मांग की तो शिक्षामंत्री ने संगठन के साथ शीघ्र ही द्विपक्षीय वार्ता कर समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया था लेकिन शिक्षामंत्री के आश्वासन को भी 2 माह से अधिक समय हो गया है और सत्र समाप्ति की ओर है लेकिन सरकार ने शिक्षकों के स्थानांतरण सहित शिक्षकों की वाजिब मांगों का समाधान नही किया है। इसलिए संगठन ने आन्दोलन तेज करते हुए 3 चरणों में पुन: आन्दोलन का निर्णय लिया है, जिसके प्रथम चरण में आज 5 मई गुरुवार को प्रदेश भर में ब्लाक मुख्यालयों पर विरोध प्रदर्शन कर एसडीएम/ सीबीईओ के माध्यम से मुख्यमंत्री एवं शिक्षामंत्री, राजस्थान सरकार को ज्ञापन दिए जायेंगे। प्रदेशाध्यक्ष महावीर सिहाग, प्रदेश महामंत्री उपेन्द्र शर्मा और प्रदेश संघर्ष समिति संयोजक यादवेन्द्र शर्मा ने प्रदेश के शिक्षकों से आन्दोलन में शामिल होकर आन्दोलन को सफल बनाने का आव्हान किया है।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एंव संपादक सद्दाम द्वारा नेशनल प्रिंटर्स, लोहा मंडी, डीडवाना से मुद्रित तथा घाटी कुआँ, छीपा मोहल्ला, कुचामनसिटी, जिला नागौर (राज.) से प्रकाशित। मोबाइल नम्बर 7737211664 Email-nagaurdaily0@gmail.com